7. सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा शब्दों के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम को सबका नाम भी कहते हैं क्योंकि यह सभी संज्ञा में एक समान रूप से प्रयोग होते हैं। सर्वनामों के प्रयोग से भाषा को संज्ञा शब्द के बार-बार प्रयोग से बचाया जाता है। जिसके कारण वाक्य सुंदर तथा प्रभावशाली बन जाते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को सर्वनाम की पुनरावृत्ति करवाते हुए पृष्ठ 33 पर दी सर्वनाम की दो पंक्तियाँ पढ़ें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 33 पर दिए चित्र को दिखाकर उसके वाक्य बच्चों से पूरे करवाएँ। तदुपरांत समझाएँ, रिक्त स्थानों में लिखे गए सभी शब्द सर्वनाम हैं।
- ❖ बच्चों से सर्वनाम की परिभाषा जानें, जो वह पिछली कक्षा में पढ़कर आए हैं। तदुपरांत सर्वनाम की परिभाषा बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 34 पर दिए सर्वनाम के अलग-अलग रूप बच्चों को समझाएँ।
- ❖ भिन्न-भिन्न सर्वनामों से परिचित करवाएँ। सर्वनाम का प्रयोग करवाने के लिए बच्चों से वाक्य प्रयोग करवाएँ।
- ❖ समझाएँ, वचन के कारण सर्वनामों का भी रूप बदल जाता है। जैसे– मैं का हम, मेरा का हमारा, उसने का उन्होंने, वह का वे तथा यह का ये बहुवचन रूप परिवर्तित हो जाता है।
- ❖ बच्चों को सर्वनामों का भिन्न-भिन्न प्रयोग समझाएँ। पाठ पृष्ठ 34-35 पर दिए वाक्य प्रयोग द्वारा समझाएँ।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- ❖ शेष अभ्यास बच्चों से करने को कहें।